Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◻ अंक- 31 ◻ रायपुर, रविवार 23 फरवरी 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आखिरी चरण

नक्सल प्रभावित बस्तर में बंपर वोटिंग, हिड़मा के गांव में पहली बार मतदान

रायपुर/धमतरी, 23 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान शुरू हो गया है। बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदाताओं की लंबी कतारें पोलिंग बूथों पर देखी जा रही हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुबह 6.45 बजे से दोपहर 2 बजे तक और अन्य इलाकों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे। नक्सल प्रभावित गांवों में इस बार मतदान का उत्साह नई उम्मीद जगा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के साथ प्रशासन ने लोगों का भरोसा जीता है। बस्तर में मतदाताओं की भीड़ इस बात का सबूत है कि ग्रामीण अब लोकतंत्र की प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहते हैं।

खास तौर पर बस्तर के उन इलाकों में, जो नक्सल हिंसा से प्रभावित रहे हैं, वहां मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। आज 23 फरवरी को प्रदेश के 50 ब्लॉकों की पंचायतों के लिए मतदान हो रहा है। इसमें कुख्यात नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती भी शामिल है, जहां पहली बार वोटिंग होने जा रही है। सुबह 7 बजे से शुरू होने वाली इस प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाता पहुंचने लगे हैं। इस बार नक्सल प्रभावित इलाकों में भी भारी संख्या में लोग वोट डाल रहे हैं, जहां पहले नक्सलियों का खौफ और दबाव वोटिंग में बाधा बनता था नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान और सुरक्षा बलों के कैंप खुलने के बाद पूवर्ती गांव में राहत का माहौल है। प्रशासन ने पहली बार यहां मतदान कराने की जिम्मेदारी ली है। पहले नक्सलियों के डर से ग्रामीण वोट डालने से कतराते थे। इसके अलावा दंतेवाड़ा के मुलेर जैसे अन्य गांवों में भी इस बार मतदान हो रहा है। ग्रामीणों में वोटिंग को लेकर उत्साह साफ दिखाई दे रहा है।

कस्तूरमेटा में पहली बार वोटिंग, मतदाताओं में दिखा उत्साह

नारायणपुर के अंतिम चरण में प्रदेश के 50 ब्लॉक में वोटिंग हो रही है. अबूझमाड़ के धुर नक्सल प्रभावित कस्तूरमेटा में आज पहली बार मतदान हो रहा है. पहले नक्सली चुनाव का बहिष्कार करते थे, लेकिन इस बार बड़ी संख्या में ग्रामीण लोकतंत्र के पर्व में शामिल हो रहे हैं। नक्सलियों की धमकियों के कारण जिला मुख्यालय में रह रहे सैकड़ों ग्रामीण मतदान के लिए अपने गांव पहुंचे.

अंतिम चरण के चुनाव से पहले सरपंच पद के प्रत्याशी की मौत

रायगढ़ के तमनार क्षेत्र के एक गांव से सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में उतरे एक प्रत्याशी की आज उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले में 23 फरवरी को पंचायत चुनाव के आखरी चरण का मतदान होना हैं जिसमे लैलूंगा, तमनार और घरघोड़ा ब्लॉक के 175 ग्राम पंचायतों के 2.18 लाख मतदाता इस चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों को वोट देंगे। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा पूरी तैयारी करते हुए 435 मतदान केंद्र बनाया गया हैं। आज होने वाले चुनाव से पहले ही कल तमनार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गारे पंचायत से सरपंच पद के प्रत्याशी चतुर सिंह सिदार का एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी पर हमला

कोटा में न्यायधानी के कोटा क्षेत्र में आज कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य प्रत्याशी सरस्वती भास्कर साहू पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया. हमलावरों ने प्रत्याशी के कार पर ईंट और पत्थर से पथराव किया, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई. इस हमले में उम्मीदवार बाल-बाल बचीं. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात हमलावरों की तलाश में जुट गई है. यह हमला चुनावी माहौल को लेकर तनाव का संकेत है, हालांकि अभी तक हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है

92 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों और 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिए डाले गए वोट

धमतरी संवाददाता ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत तीसरे व अंतिम चरण का मतदान जनपद पंचायत नगरी में आज सुबह सात बजे से शुरू हुआ। कल शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी से मतदान सामग्री लेकर दल अपने अपने केन्द्रों के लिए रवाना हुए थे। सुबह से मतदान केन्द्रो में मतदाताओं की कतार लगी रही। लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह नजर आया। सुबह 9 बजे तक 17.39 प्रतिशत मतदान हो पाया था। 9 बजे तक महिलाओं की तुलना में पुरुषो ने अधिक मतदान किया था। इसके पश्चात 11 बजे तक कुल 41.59 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां भी महिलाओं की तुलना में पुरुषो ने ज्यादा मतदान किया था। कई मतदान केन्द्रो में अव्यवस्था की शिकायते भी मिलती रही। बता दे कि मतदान के पश्चात मतों की गणना होगी फिर परिणाम आएंगे। चूंकि नगरी क्षेत्र नक्सल प्रभावित व संवेदनशील है। ऐसे में उक्त क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किये गये है। बता दे कि इस पंचायत निर्वाचन में नगरी जनपद क्षेत्र के एक लाख 27 हजार 251 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगरी जनपद क्षेत्र में तीसरे चरण के मतदान से 92 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों और तीन जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। जनपद क्षेत्र में 65 हजार 656 महिला और 61 हजार 593 पुरूष मतदाताओं के साथ एक अन्य श्रेणी का मतदाता भी वोट डालेगा। नगरी जनपद क्षेत्र में कुल 102 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए नामांकन प्राप्त किए गए हैं। इनमें से 10 ग्राम पंचायतों में सरपंचों का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। इसी तरह कुल 1378 पंच पदों में से 829 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया जा चुका है। नगरी जनपद क्षेत्र में अब 92 सरपंच पदों पर निर्वाचन के लिए 328 अभ्यर्थी और 549 पंच पदों के लिए 1284 प्रत्याशी मुकाबले में हैं। नगरी जनपद क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 249 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जनपद क्षेत्र में 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 82 और तीन जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगरी पंचायत निर्वाचन क्षेत्र को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए 17 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इन सेक्टरों में 41 रूट चिन्हांकित किए गए हैं।

- **तीसरे चरण में जनपद पंचायत नगरी में आज हुआ मतदान**
- **10 ग्राम पंचायतों में सरपंचों व 829 पंच पदों पर हुआ है निर्विरोध निर्वाचन**

साय सरकार का दूसरा बजट सत्र कल से होगा शुरू सीएम ने कहा- सभी वर्गों का रखा जाएगा ख्याल

रायपुर, 23 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में कल 24 फरवरी से बजट सत्र शुरू होने जा रहा है. इस बार के बजट सत्र को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कल से हमारी सरकार का दूसरा बजट सत्र शुरू होने वाला है. बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि पूरा देश जानता है कि हमारी सरकार आने के बाद कैसे काम हुआ है. वहीं सीएम साय ने अपने जशपुर दौरे को लेकर बताया कि आज राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज का तीसरे चरण का मतदान हैं, सपरिवार हम वोट डालेंगे. इसके बाद स्व. दिलीप सिंह जूदेव मेमोरियल फुटबॉल मैच के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे. बता दें, सीएम साय आज अपने गृहग्राम बगिया में पंचायत चुनाव के लिए वोट डालेंगे.

ट्रक और कार की जबरदस्त भिड़ंत कार चालक की मौके पर मौत

बालोद, 23 फरवरी (हाईवे चैनल)। बालोद जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। कोतवाली थाना क्षेत्र के दानीटोला गांव के पास शनिवार देर रात ट्रक और कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक फोटोग्राफी करने के बाद वापस लौट रहे थे, तभी दानीटोला गांव के पास यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सड़क से नीचे जा गिरी और चालक की मौके पर ही जान चली गई। घायल युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो हादसे के बाद फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जेल से रिहाई के बाद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर एक और एफआईआर दर्ज

रायपुर, 23 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर बलौदा बाजार हिंसा मामले में जेल से रिहा होने के बाद एक नया मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मामला रायपुर जेल परिसर के बाहर सड़क पर सभा आयोजित करने से जुड़ा है, जिसमें देवेंद्र यादव सहित 13 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक, 21 फरवरी को रायपुर जेल परिसर के बाहर सड़क पर सभा करने के कारण यह कार्रवाई हुई। इस सभा से सड़क जाम होने और आम लोगों को हुई परेशानी की शिकायत के आधार पर रायपुर के गंज थाने में ख्रङ्कक्रदर्ज की गई। पुलिस ने इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई शुरू की है। इस मामले में देवेंद्र यादव के साथ-साथ सुबोध हरितवाल, शांतनु झा, आकाश शर्मा, शोएब ढेबर, अतीक मेमन, फराज, फरदीन खोखर, अनवर हुसैन, शेख वसीम, नीता लोधी, बाबी पांडे और शिबली मेराज खान को आरोपी बनाया गया है।

ब्रेकिंग न्यूज

घायल तेंदुआ इलाज के लिए जंगल सफारी रायपुर रेफर, वन विभाग की सख्त निगरानी जारी

गरियाबंद, 23 फरवरी (हाईवे चैनल)। घायल तेंदुए की बिगड़ती हालत को देखते हुए फारेस्ट की टीम उसे रायपुर लेकर रवाना हुई आपको बता दे आज सुबह उड़तुली घाट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुआ गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे घायल अवस्था में देखा और तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राथमिक उपचार के लिए गरियाबंद फॉरेस्ट रेस्ट हाउस लाया गया। हालांकि, उसकी हालत बिगड़ती देख वन विभाग ने उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर जंगल सफारी रेफर कर दिया। वन अधिकारियों की टीम तेंदुए की सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।

महाकुंभ में 62 करोड़ ने किया स्नान

नई दिल्ली, 23 फरवरी (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मुख?यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव' (यूनिकॉर्न कंपनियों का सम्मेलन) में मुख्यमंत्री योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कह सकता हूं। इस समय महाकुंभ के प्रति आकर्षण है।

महापौर मीनल चौबे और 70 पार्षद 27 फरवरी को लेंगे शपथ, सीएम साय और मंत्रिगण भी होंगे शामिल

रायपुर, 23 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 70 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 27 फरवरी को इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा में आयोजित किया जाएगा. यह भव्य समारोह दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

इस समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू और विधायक पुरंदर मिश्रा सहित भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे.

रायपुर नगर निगम के चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है, और 15 साल बाद महापौर पद पर भाजपा का कब्जा हुआ है. मीनल चौबे शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में शपथ लेंगी. उनके साथ 70 वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षद भी शपथ लेंगे, जिनमें से 60 प्रतिशत भाजपा के हैं, जबकि 7 कांग्रेस और 3 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं. इस ऐतिहासिक जीत के बाद शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारियां पूरी की गई हैं. शपथ ग्रहण के बाद रायपुर नगर निगम की पहली सामान्य सभा भी होगी, जिसमें सभापति का चुनाव किया जाएगा. भाजपा ने सभापति के चुनाव के लिए धरमलाल कौशिक को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. महापौर मीनल चौबे के शपथ लेने के बाद एमआईसी का गठन होगा, और दस जोन के लिए एक-एक जोन अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी.

प्रयागराज महाकुंभ से भिलाई लौटते समय भीषण सड़क हादसा, एक महिला की मौत, 6 लोग गंभीर

दुर्ग, 23 फरवरी (हाईवे चैनल)। प्रयागराज महाकुंभ से भिलाई लौटते समय हुआ भीषण सड़क हादसा जिसमे एक महिला की मौत हो गई, वहीं ६ लोगों की हालत गंभीर है। इसकी खबर मिलते ही परिजन सहित भिलाई बंगाली समाज में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतका की अंतिम संस्कार रविवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। ये हादासा मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिला के बजाग थाना अंतर्गत शहडोल-पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच के पास हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार विगत १९ फरवरी को आटिंगा कार क्रमांक सीजी ०७ बीएस ३१७३ में सवार होकर आशीष नगर रिसाली भिलाई निवासी राखी सिकदार पति कार्तिक सिकदार, से१टर-१ निवासी रेखा देव और आरती विश्वास, हुडको निवासी सुधांशु विश्वास और शंखु विश्वास प्रयागराज महाकुंभ गए हुए थे। प्रयागराज से भिलाई लौटने समय २१ फरवरी को श्रद्धालुओं से भरी कार मोड पर पेड़ से टकराकर सडक किनारे खाई में जा गिरी। सूचना पर बजाग थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई और घायलों को १०८ एंबुलेंस और डायल हंड्रेड की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

इस हादसे में राखी सिकदार उम्र ६० की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपकर छत्तीसगढ भिजवा दिया गया । इनके मृत शरीर को वर्तमान में भिलाई के सेक्टर-९ अस्पताल के मरच्युरी में रखा गया है। रविवार २३ फरवरी को रामनगर मुक्तिधाम में इनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं कार्तिक सिकदार, रेखा देव, आरती विश्वास, सुधांशु विश्वास, शंखु विश्वास और वाहन चालक प्रेम को गंभीर चोंटे आई है। रेखा देव को से१टर-९ अस्पताल के एच-४, आरती विश्वास को से१टर-९ अस्पताल के इ-१ में भर्ती कराया गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए आरती विश्वास को हायर अस्पताल में रिफर किया गया है। सुधांशु विश्वास और शंखु विश्वास जबलपुर के अस्पताल में भर्ती है। वाहन चालक प्रेम की हालत गंभीर बताया जाता है।

देश इसरो के 100 वें लॉन्चिंग का साक्षी बना : मोदी

नई दिल्ली, 23 फरवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी ने %मन की बात% के जरिए देश को संबोधित किया। आज मन की बात के 119 वें एपिसड का प्रसारण किया गया। पीएम मोदी इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के जरिए देश के एतिहासिक महत्व के साथ-साथ अलग-अलग विषयों और मुद्दों पर अपना विचार शेयर करते हैं। इसका प्रसारण रेडियो, दूरदर्शन समेत कई अन्य चैनलों पर सुना गया।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए इसरो की सफलता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने देश इसरो के 100 वें लॉन्चिंग का साक्षी बना। यह केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि इससे स्पेस साइंस में नित नई ऊंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है। उन्होंने कहा कि इसरो की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। बीते 10 वर्षों में ही करीब 460 सैटेलाइट लॉन्च की गई हैं और इसमें दूसरे देशों की बहुत सारी सैटेलाइट्स शामिल हैं। हाला के वर्षों में स्पेस विज्ञान में हमारी टीम में नारी शक्ति की भागीदारी लगातार बढ़ रही है।

- **मन की बात में इसरो, नारी शक्ति से लेकर एआई की चर्चा**

मन की बात कार्यक्रम के 119वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आने वाले कुछ ही दिनों में हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों का, युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है, जिसे आप एक दिन वैज्ञानिक के रूप में कह सकते हैं, यानि, आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में, एक वैज्ञानिक के रूप में, बिताकर देखें। आप अपनी सुविधा के अनुसार, अपनी मर्जी के अनुसार, कोई भी दिन चुन सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हाल ही में, मैं.ड्ड के एक बड़े सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पेरिस गया था। वहां दुनिया ने इस क्षेत्र में भारत की प्रगति की खूब सराहना की। हमारे देश के लोग आज.ड्ड का उपयोग किस-किस तरह से कर रहे हैं, इसके उदाहरण भी हमें देखने को मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूं, जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट को एक दिन के लिए उनको सौंपने जा रहा हूं। ऐसी महिलाएं जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं, एक अलग पहचान बनाई है, 8 मार्च को वे अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ शेयर करेंगी।